# भारत ने मार गिराया था पाकिस्तान का एफ-16 लड़ाकू विमान, अब अमेरिका ने कहा- PAK के सभी जेट सुरक्षित

**यह रिपोर्ट भारत के उन दावों को खारिज करती है कि उसकी वायुसेना ने 27 फरवरी को हवाई संघर्ष के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू विमान मार गिराया था.**

**वॉशिंगटन: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
एक अमेरिकी पत्रिका का कहना है कि पाकिस्तान के पास जितने एफ-16 लड़ाकू विमान थे, उनमें से कोई भी ''लापता'' नहीं है और उनमें से किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचा है. इस प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका 'फॉरेन पॉलिसी मैगजीन' में आई एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है. यह रिपोर्ट भारत के उन दावों को खारिज करती है कि उसकी वायुसेना ने 27 फरवरी को हवाई संघर्ष के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू विमान मार गिराया था.

भारत ने 28 फरवरी को पाकिस्तानी एफ-16 द्वारा दागी गई एएमआरएएएम मिसाइल के टुकड़े दिखाए थे जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि पाकिस्तान ने कश्मीर में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए हवाई हमले के दौरान अमेरिकी निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया था.

पाकिस्तान ने कहा था कि किसी एफ-16 विमान का इस्तेमाल नहीं किया गया और अपने एक विमान को भारतीय वायुसेना द्वारा मार गिराए जाने के दावे का भी उसने खंडन किया था. पत्रिका के अनुसार, पाकिस्तान ने इस घटना के बाद अमेरिका को एफ-16 लड़ाकू विमान की गिनती करने के लिए आमंत्रित किया था.

मैगजीन की लारा सेलिगमन ने बृहस्पतिवार को कहा, ''पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े की गणना के दौरान अमेरिका ने पाया कि सभी विमान मौजूद हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा जो सीधे तौर पर भारत के इस दावे के विपरीत है कि उसने फरवरी को हुई झड़प में उसका एक लड़ाकू विमान मार गिराया था.''

रक्षा विभाग ने हालांकि अभी पाकिस्तान में एफ-16 लड़ाकू विमानों की गिनती पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.



# इस खास शख्स के लव लेटर की नीलामी के लिए एक्साइटेड थे लोग, करोड़ों में लगी बोली

**एक खत में लिखा है, 'मेरी प्यारी दोस्त आपकी ओर से हमें कोई पत्र नहीं मिला. जरूर कुछ खास चल रहा है इसलिए आप अपने पति को भूल गई हैं.'**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
**पेरिस:** फ्रांस के नेपोलियन बोनापार्ट द्वारा अपनी पत्नी जोसेफिन को लिखे गये तीन प्रेम पत्र कुल 5,13,000 यूरो (575,000 अमेरिकी डॉलर) में नीलाम किए गए. तीनों पत्र 1796 और 1804 के बीच में लिखे गये थे. ड्रोउट नीलामी घर ने यह जानकारी दी है.

बोनापार्ट ने खत में लिखी थी खास बातें

1796 में इटली अभियान के दौरान लिखे गये एक पत्र में फ्रांस के बोनापार्ट ने कहा, ''मेरी प्यारी दोस्त आपकी ओर से हमें कोई पत्र नहीं मिला. जरूर कुछ खास चल रहा है इसलिए आप अपने पति को भूल गई हैं. हालांकि, काम और बेहद थकावट के बीच में केवल और केवल आपकी याद आती है.''




दुलर्भ इनिग्मा एन्क्रिप्शन मशीन भी हुई नीलाम

फ्रेंच एडर और एगुट्स हाउसों की ओर से ऐतिहासिक थीम पर आधारित नीलामी में एक दुलर्भ इनिग्मा एन्क्रिप्शन मशीन को भी शामिल किया गया था जिसका इस्तेमाल नाजी जर्मनी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान किया था. इसकी नीलामी 48,100 यूरो में हुई.

# नाटो ने आंतरिक फूट के बीच काला सागर में रूस का सामना करने के उपायों को मिली मंजूरी

**नाटो की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में आयोजित एक बैठक में समूह के मंत्रियों में सहमति बनी की वे जॉर्जिया और यूक्रेन के साथ समुद्री सहयोग, गश्त और बंदरगाह दौरों में वृद्धि में सहयोग करेंगे.**


**वॉशिंगटन:** नाटो के विदेश मंत्रियों ने काला सागर क्षेत्र में रूस का सामना करने के उद्देश्य से उपायों की एक श्रृंखला को मंजूरी दे दी. सुरक्षा एवं व्यापार मुद्दों पर अमेरिका और नाटो के अन्य 28 सदस्यों में से कई देशों के बीच सार्वजनिक मतभेद की पृष्ठभूमि में यह निर्णय लिया गया है. नाटो की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में आयोजित एक बैठक में समूह के मंत्रियों में सहमति बनी की वे जॉर्जिया और यूक्रेन के साथ समुद्री सहयोग, गश्त और बंदरगाह दौरों में वृद्धि में सहयोग करेंगे. दोनों देश रूसी आक्रमकता का सामना कर रहे हैं और उनके पास संगठन में शामिल होने की वजह है.



नाटो मंत्रियों ने रूस से क्रीमिया के विलय को समाप्त करने, सी ऑफ अजोव में पिछले साल एक टकराव के बाद पकड़े गये यूक्रेन के नाविकों और जहाजों को रिहा करने और इंटरमीडिएट-रेंज परमाणु ताकत समझौते का सम्मान करने की मांग को नये सिरे उठाया.
**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

# जापानः 14 अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे निसान के पूर्व प्रमुख कार्लोस घोसन

**टोक्यो:** निसान के पूर्व प्रमुख कार्लोस घोसन जापान में कम से कम 14 अप्रैल तक हिरासत में रहने वाले हैं. जापान की एक अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया. टोक्यो की जिला अदालत ने एक बयान में कहा कि उसने घोसन को 10 दिन तक हिरासत में रखने के अभियोजन पक्ष के निवेदन को स्वीकार कर लिया है. अदालत ने कहा कि हिरासत की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है. अभियोजन पक्ष ने घोसन के खिलाफ एक नये मामले की शुरुआत की है. यह जापान में घोसन के खिलाफ चौथा मुकदमा है. यह मुकदमा घोसन द्वारा निसान की राशि ओमान के एक वितरक को देने के बारे में है. माना जा रहा है कि इस राशि का इस्तेमाल लग्जरी नाव खरीदने में किया गया था जिसका इस्तेमाल घोसन एवं उनके परिजनों द्वारा किया जाता था. वित्तीय अनियमितताओं को लेकर घोसन के खिलाफ जापान में पहले ही तीन मुकदमे चल रहे हैं. इससे पहले घोसन 100 दिन से अधिक जेल में रह चुके हैं. **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



# तुर्की ने दी अमेरिका को चेतावनी, अगर चुनावों में दिया दखल, तो...

**अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता रॉबर्ट पैलाडिनो ने शुरुआती गिनती के बाद मंगलवार को सभी दलों से आह्वान किया था कि चुनावों के नतीजों को मान्यता दी जाए**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
**अंकारा :** तुर्की की सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) ने अमेरिका को रविवार को हुए देश के स्थानीय चुनावों में दखल न करने की चेतावनी दी है. समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, एकेपी के प्रवक्ता ओमर सेलिक ने तुर्की के चुनावों की प्रक्रिया के संबंध में अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए गुरुवार को कहा, किसी भी विदेशी सरकार या निकाय का बयान चुनाव परिणामों के लिए वैधता के स्रोत के रूप में काम नहीं करेगा. अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता रॉबर्ट पैलाडिनो ने शुरुआती गिनती के बाद मंगलवार को सभी दलों से आह्वान किया था कि चुनावों के नतीजों को मान्यता दी जाए, जिसमें मुख्य विपक्ष सबसे बड़े शहर इस्तांबुल और राजधानी अंकारा में आगे चल रहा था. पैलाडिनो ने कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक हैं. इसका मतलब है कि वैध चुनाव परिणामों की स्वीकृति.इसके जवाब में, तुर्की के राष्ट्रपति के कम्युनिकेशन्स डायरेक्टर फहरेत्तिन अल्तुन ने बुधवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा कि तुर्की विदेशी सरकारों सहित सभी पक्षों से फ़तुर्की की कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करने और कोई भी ऐसा कदम उठाने से बचने का आग्रह करता है जो तुर्की के आंतरिक मामलों में दखल देना माना जा सकता हो. तुर्की के चुनाव आयोग ने सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा परिणामों को लेकर अपील करने के बाद बुधवार को इस्तांबुल के आठ जिलों में वोटों की गिनती दोबारा करने का फैसला किया था.

